मंगलवार
14 जून 2022



पृष्ठ 4

इलायची की चाय पीने से मिलते हैं ये स्वास्थ्य लाभ



पृष्ठ 5

777 चार्ली ने मुझे अपने कुत्तों के साथ बिताए कई पलों को याद दिला दिया : संयुक्ता हेगड़े



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 131
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

कविता गाकर रिझाने के लिए नहीं समझ कर खो जाने के लिए है।
— रामधारी सिंह दिनकर

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## युवाओं को सेना में भर्ती का सुनहरा मौका

# सरकार ने लांच की अग्निपथ योजना

विशेष संवाददाता

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज सेना में भर्ती के लिए अग्निपथ योजना के तहत अग्नि वीरों की भर्ती किए जाने की घोषणा करते हुए कहा कि यह देश की रक्षा जरूरतों और रोजगार के अवसर के लिहाज से लाई गई एक महत्वपूर्ण योजना है। उन्होंने कहा कि हमने किसी की नकल नहीं की है हम जानते हैं कि नकल से अकल को बदलने की कोशिश करने वालों की शक्ल बदल जाती है। इस अवसर पर आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे सहित वायु सेना और नौसेना प्रमुख भी मौजूद थे।

योजना के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि देश के हर नौजवान का सपना होता है सेना की वर्दी पहनना। देश के युवाओं को यह योजना इसका बेहतर मौका होगा। उन्होंने कहा कि योजना के तहत हर साल 45 से 50 हजार युवाओं की सेना में भर्ती होगी। जिनका सेवा काल 4 साल का होगा।





❑ हर साल 45 से 50 हजार भर्तियां होंगी
❑ सिर्फ 4 साल का होगा सेवाकाल
❑ 25 फीसदी को रेगुलर कैडर दिया जा सकता है
❑ 10 हफ्ते से 6 माह तक ट्रेनिंग दी जाएगी

बेहतर सेवा देने वाले 25 फीसदी योग्य युवाओं को 4 साल के सेवाकाल के बाद रेगुलर कैडर में शामिल किया जाएगा।

इस योजना के जरिए सेना के तीनों अंगों जल, थल और वायु सेना में सेवा का मौका मिलेगा। भर्ती के लिए आयु सीमा साढ़े 17 साल से 21 वर्ष रखी गई है तथा शैक्षिक योग्यता 10वीं व 12वीं पास रखी गई है। शारीरिक और फिजिकल मापदंड सेना भर्ती के जैसे ही होंगे। चयनित युवाओं को 10 हफ्ते से 6 माह तक की ट्रेनिंग दी जाएगी।

सेवा काल की प्राप्तियों के बारे में जानकारी दी गई कि यह सेना में भर्ती जवानों की तरह ही होगी। पहले साल 4.76 लाख का पैकेज होगा जो चौथे साल में 6.92 लाख होगा। अग्नि सेना के अमर जवान की शहादत होती है तो उसे एकमुश्त एक करोड़ रुपए दिए जाएंगे तथा विकलांगता की स्थिति में 44 लाख रूपये की सहायता दी जाएगी सभी स्थितियों में बाकी कार्यकाल का पूरा वेतन भी दिया जाएगा। सेवाकाल समाप्ति पर हर जवान को 11.7 लाख रुपए एक मुश्त मिलेंगे जो आयकर मुक्त होंगे।

राजनाथ सिंह ने कहा कि सेना में 4 साल की सर्विस देने वाले युवाओं के लिए दूसरे अन्य क्षेत्रों में सेवा के अवसर

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## केबीसी में लॉटरी के नाम पर लाखों ठगने वाला एक गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। केबीसी में लाटरी जीतने के नाम पर 32 लाख रूपये ठगने के मामले में एसटीएफ ने एक ठग को हरियाणा से गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त मोबाइल व अन्य सामान बरामद कर लिया।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि एक प्रार्थना पत्र साइबर क्राईम पुलिस स्टेशन को प्राप्त हुआ जिसमें पीडित राजेन्द्र सिंह पुत्र योगम्बर सिंह निवासी बड़ोवाला थाना प्रेमनगर के साथ अज्ञात आरोपियों द्वारा स्वंय को राणा प्रताप जियो कम्पनी का सुपरवाईजर बताया। उन्होने पीडित से मोबाईल फोन के माध्यम से सम्पर्क कर केबीसी में लॉटरी निकलने की बात कहकर लॉटरी की धनराशि प्राप्त करने हेतु धोखाधड़ी से विभिन्न शुल्कों के नाम पर 32 लाख रुपये विभिन्न बैंक खातो में प्राप्त कर लिए। मामले में साइबर क्राईम थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी। उन्होंने बताया कि जांच में घटना में प्रयुक्त मोबाईल नम्बर, तथा ठगों द्वारा पीडित से प्राप्त धनराशि की जानकारी प्राप्त की गयी। ठगों द्वारा प्रयोग किये गये मोबाईल नम्बर व खातों की जानकारी से ठगों का बिहार से सम्बन्ध होना पाया गया। जिसमें टीम को बिहार व अन्य सम्भावित राज्यो में रवाना किया गया।

पुलिस टीम द्वारा अथक मेहनत एवं प्रयास से ठगों द्वारा पीडित को जो खाता संख्या व मोबाईल नम्बर दिये थे व धोखाधडी से प्राप्त की गयी धनराशि जो एसबीआई खाता व रोजर पे खाता में प्राप्त की गयी थी के खाताधारक की जानकारी प्राप्त की गयी व उक्त खाते का खाताधारक के सम्बन्ध में साक्ष्य एकत्रित करते हुये मुकदमे के एक आरोपी अनुज कुमार पुत्र अनूप पासवान निवासी ग्राम गणेश चक (खजवती) थाना मगध विश्वविद्यालय बोद्ध गया जनपद गया बिहार हाल पता ग्राम धतूरी थाना मुर्थल जनपद सोनीपत हरियाणा को जनपद सोनीपत हरियाणा से गिरफ्तार करते हुये घटना में प्रयुक्त मोबाईल फोन व अन्य सामान को बरामद किया गया। एसटीएफ ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।


## सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में दो आतंकियों को मार गिराया

जम्मू। श्रीनगर के बेमिना में सोमवार देर रात सुरक्षाबलों ने एक मुठभेड़ में दो आतंकियों को मार गिराया। इनकी पहचान पाकिस्तानी कमांडर अब्दुल्ला गोजरी और लश्कर के स्थानीय कमांडर मुसैब के तौर पर हुई है। इस दौरान एक पुलिसकर्मी भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। पुलिस के अनुसार मारे गए दोनों आतंकी अमरनाथ यात्रा पर हमला करने बीते माह कश्मीर में घुसपैठ करने वाले लश्कर के तीन सदस्यीय आत्मघाती दस्ते में शामिल थे। इस दस्ते का एक पाकिस्तानी आतंकी हांजला छह जून को सोपोर के जालूरा में हुई मुठभेड़ में मारा गया था। कश्मीर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार के अनुसार मारे गए दोनों आतंकी बीते माह पाकिस्तान से भेजे गए लश्कर के तीन सदस्यीय दस्ते के सदस्य थे। पाकिस्तान में बैठे लश्कर कमांडरों ने पहलगाम के रहने वाले आदिल हुसैन मीर उर्फ अबु सूफियान उर्फ मुसैब के साथ दो पाकिस्तानी आतंकी हांजला निवासी लाहौर और अब्दुल्ला गोजरी निवासी फैसलाबाद को भेजा था। छह जून को सोपोर के जालूरा में सुरक्षाबलों ने इन तीनों आतंकियों को घेर लिया था। मुठभेड़ में हांजला मारा गया था, जबकि उसके अन्य साथी बच निकले थे।



## देश में पिछले 24 घंटो में सामने आए 6594 नए मामले, 4,035 लोग कोरोना से ठीक हुए

नई दिल्ली। देश में कोरोना वायरस की रफ्तार तेजी से बढ़ रही है। पिछले २४ घंटे में कोविड–१६ के ६५६४ नए मामले सामने आए हैं।हालांकि बीते रविवार के मुकाबले सोमवार को कोरोना केस की संख्या में १८ फीसदी की कमी देखी गयी है। पिछले २४ घंटे में ४,०३५ लोग कोरोना से ठीक हुए हैं। देश में अभी कोरोना के ५० हजार ५४८ एक्टिव केस हैं। इसके साथ ही महामारी शुरू होने से अब तक देश में कुल ४,३२,३६,६६५ केस सामने आ चुके हैं। पिछले २४ घंटे में मामलों में कमी देखी गई है। इससे पहले लगातार दो दिन कोविड के ८ हजार से अधिक केस सामने आए थे। कल सुबह के अपडेट के मुकाबले नए मामलों में



आज १८ प्रतिशत कमी है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार हालांकि भारत में सक्रिय कोरोना मामले अब बढ़कर ५०,५४८ हो गए है। देश में फिलहाल दैनिक संक्रमण दर २.०५ प्रतिशत है जबकि साप्ताहिक संक्रमण दर २.३२ प्रतिशत है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक भारत में कोरोना से ठीक होने की दर (रिकवरी रेट) अभी ६८.६७ प्रतिशत है। वहीं, देश भर में कोविड वैक्सीन की १६५.३५ करोड़ से अधिक डोज लगाई जा चुकी है।

महाराष्ट्र में सोमवार को कोविड–१६ के १,८८५ नए मामले सामने आए। राज्य सोमवार को दैनिक मामलों की संख्या में रविवार की तुलना में ३६ प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। रविवार को राज्य में २,६४६ लोग संक्रमित पाए गए थे और दो लोगों की मौत हुई थी। मुंबई शहर में भी संक्रमण के १,११८ नए मामले सामने आए हैं, जो इससे पहले के दिन की तुलना में ३८ प्रतिशत कम हैं। राज्य में मरीजों के संक्रमण से उबरने की दर ६७.६१ प्रतिशत है और मृत्यु दर १.८६ प्रतिशत है। महाराष्ट्र में अब तक १,४७,८७१ लोगों की कोरोना से मौत हो चुकी है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# बिगड़ते हालात

बीते कुछ सालों से सत्ता में बैठे लोगों द्वारा भारत की अर्थव्यवस्था को विश्व में उभरती हुई बड़ी आर्थिक ताकत बताया जा रहा है। लेकिन विश्व पटल पर सबसे मजबूती से उभरती भारतीय अर्थव्यवस्था का असल हाल क्या है? उस की जमीनी हकीकत को कोई देखने को तैयार नहीं है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अभी अर्थव्यवस्था को संभाले रखने के लिए एक ही महीने में दो बार रेपो रेट में वृद्धि की गई। देश में महंगाई की स्थिति पर बात करें तो देश में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों ने कीर्तिमान बना दिया है। खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर ने आज आम आदमी के जीवन को संकट में डाला हुआ है। बैंक कर्ज महंगे होते जा रहे हैं और महंगाई चरम सीमा पर है। बेरोजगार युवक मारे-मारे फिर रहे हैं। शेयर बाजार बीते एक साल से गोते खा रहा है बीते साल सितंबर में रिकॉर्ड ऊंचाई 6000 पर पहुंचा सेंसेक्स अब 52846 पर पहुंच चुका है। बीते सिर्फ दो दिनों में शेयर होल्डरों का 9.75 लाख करोड़ रुपया डूब गया है। डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार कमजोर हो रहा है। तमाम कोशिशों के बावजूद भी इस रुकावट को रोक पाना संभव नहीं हो पा रहा है। पहला मर्तबा है जब डॉलर के मुकाबले रुपया 548 पर आ गया है। बीते महीने डालर की कीमत जब 77 रूपये पर पहुंच गई थी तभी से रिजर्व बैंक की चिंता बढ़ी हुई थी। लेकिन अब ऐसी संभावनाएं जताई जा रही है कि एक डॉलर की कीमत 80 रूपये तक पहुंच सकती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में रुपए की घटती इस कीमत का मतलब देश की अर्थव्यवस्था का और संकट में फंस जाना है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इन दिनों कच्चे तेल की कीमतें भी रिकार्ड ऊंचाई पर लगभग 120 डालर प्रति बैरल के करीब है। भले ही इसका कारण रूस और यूक्रेन के युद्ध को बताया जा रहा हो लेकिन तेल के दाम कम होने के आसार फिलहाल दिखाई नहीं दे रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकारों ने जब तेल पर खूब टैक्स वसूला हो और अपना खजाना भरा हो लेकिन तेल की बढ़ी हुई कीमतों ने आम आदमी का तेल जरूर निकाल दिया है। बाजार में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर आसमान पर है। जिसका सबसे बुरा प्रभाव गरीब व मजदूर तबके पर पड़ रहा है। सरकार इस सीजन में गेहूं की सरकारी खरीद में फिसड्डी रही है। गरीबों को मुफ्त राशन खिलाने वाली सरकार के गोदाम में अब मुफ्त खिलाने के लिए राशन नहीं बचा है भले ही सरकार का विदेशी मुद्रा भंडार अभी भरा हो और आने वाले कुछ समय तक वह जरूरतों को पूरा करने में सफल रहे लेकिन कुल मिलाकर न तो देश के आम आदमी और गरीब आदमी के हालात ठीक है और न सरकार की स्थिति बढ़िया है। नोटबंदी, कोरोना तथा अंतरराष्ट्रीय बाजार की स्थिति कहने को बहुत से कारण खराब हालात के लिए जिम्मेदार बताए जा सकते हैं लेकिन समस्या का समाधान क्या है? यह सबसे जरूरी बात है।

# नगर पालिका परिषद चमोली-गोपेश्वर में अध्यक्ष पद के उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी जीतीं



कार्यालय संवाददाता

चमोली। नगर पालिका परिषद चमोली–गोपेश्वर में अध्यक्ष पद के उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी पुष्पा पासवान ने कांग्रेस प्रत्याशी नरेन्द्र लाल भारती को १०८३ मतों से पराजित किया। भाजपा प्रत्याशी को २६७१ तथा कांग्रेस प्रत्याशी को १५८८ वोट मिले। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी सोहन लाल को १७६ और नोटा को १४ वोट मिले। मतगणना के दौरान ४८ वोट अस्वीकृत किए गए। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी वरूण चौधरी एवं रिटर्निंग ऑफिसर अभिनव शाह ने विजयी प्रत्याशी पुष्पा पासवान को प्रमाणपत्र प्रदान किया।

चमोली–गोपेश्वर नगर पालिका में कुल १२६०३ मतदाता पंजीकृत थे। पालिका अध्यक्ष के उप चुनाव में २३७५ पुरुष एवं २१२२ महिला सहित ४४६७ मतदाताओं ने मतदान किया था। मंगलवार, १४ जून को जीजीआईसी गोपेश्वर में मतगणना संपन्न हुई। १८ बूथों की मतगणना के लिए ६ टेबल लगाई गई थी। मतगणना तीन चरणों में पूरी शांतिपूर्ण संपन्न हुई। बीजेपी प्रत्याशी ने पहले चरण से ही बढत बनाए रखी और आखरी राउंड में बीजेपी प्रत्याशी ने अपने निकटत प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस पार्टी प्रत्याशी से १०८३ मतों से जीत दर्ज की। मतगणना समाप्ति कि बाद रिटर्निंग ऑफिसर ने चुनाव परिणाम घोषित करने के साथ ही विजयी प्रत्याशी को प्रमाण पत्र जारी किया गया।

# फूलों की दुनिया में अपनी खूबसूरती, अनूठेपन और खुशबू की वजह से ऑर्किड की अलग ही पहचान है

पत्रकार लोकेन्द्र सिंह बिष्ट ने उत्तरकाशी शहर के बीचोंबीच माँ गंगा के तट पर केदारमार्ग अपने निवास में स्थित अपनी छोटी सी बगिया में द्रौपदी माला नामक फूलों की सुंदर दुनियाँ बसायी है। इन दिनों यहां ऑर्किड के दिलकश फूल खिल रहे है। इनमें से एक खास ऑर्किड फूल है द्रौपदीमाल।

माना जाता है कि द्रौपदी जी इस फूल को माला व गजरे के रूप में इस फूल को पहनती थी। ये आसाम व अरुणाचल प्रदेश का राज्य पुष्प भी है और बीहू उत्सव के समय नृत्यांगनाएं ऑर्किड की द्रौपदीमाला को पहनती है।

इधर सरकारी स्तर पर वन विभाग ने भी हल्द्वानी में फूलों की खेती को प्रोत्साहन देने और ऑर्किड की कई किस्मों को सहेजने के उद्देश्य से ऑर्किड उद्यान बसाया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कट फ्लावर श्रेणी में ऑर्किड की अच्छी मांग होती है। हिमालयी राज्यों का पर्यावरण तो इसके अनुकूल है ही, इसके अलावा दक्षिण भारत के राज्य केरल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र भी इसका व्यवसायिक उत्पादन करते है।

लोकेंद्र सिंह बिष्ट बताते हैं कि थोड़ा सा प्रयास किया जाय तो धार्मिक, औषधीय व सांस्कृतिक विरासत लिए द्रौपदिमाला की सुगंध से देवभूमि भी महक सकती है। द्रोपदी के गजरे पर सजने वाला इस पुष्प को द्रौपदिमाला कहते है।।

माँ सीता को भी ये पुष्प काफी प्रिय थे। इसलिए इसका एक नाम सीतावेणी भी है। द्रोपदीमाला नामक यह फूल असम व अरुणाचल प्रदेश का राज्य पुष्प है। मेडिकल गुणों की वजह से इसकी खासी डिमांड है। आंध्र प्रदेश में इसकी तस्करी भी होती है। महाभारत की अहम पात्र द्रोपदी जी माला के तौर पर इन फूलों का इस्तेमाल करती थी। जिस वजह से इसे द्रोपदी माला कहा जाता है। वनवास के दौरान सीता मां से भी इसके जुड़ाव का वर्णन है। यहीं वजह है कि महाराष्ट्र में इसे सीतावेणी नाम से पुकारा जाता है।

अरुणाचल प्रदेश और असम का राज्य पुष्प फाक्सटेल आर्किड इन दिनों उत्तरकाशी के मांगली बरसाली गांव में भी महक रहा है। और उत्तरकाशी शहर के बीचोंबीच भी।


दरअसल लोकेंद्र सिंह बिष्ट बताते



हैं कि उन्होंने इस फूल की पौध को परीक्षण के तौर पर अपने गाँव के अखरोट के पेड़ से इसे निकालकर लाये थे। इसको अपने आवास उत्तरकाशी में लगे बांझ के पेड़ से मिट्टी का लेप लगाकर बांध दिया था। कुछ पौध को टोकरी में भी लगाया। लेकिन ८ महीने तक इसकी देखभाल करने के बाद इस मई माह में बांझ के पेड़ से लटके इस द्रौपदिमाला पर सुंदर फूल खिल आये। जबकि टोकरी व गमले में लगे पौध पर फूल नहीं खिले। इससे यही लगता है कि द्रौपदिमाला में फूल खिलने के लिए इसको लटकन की आवश्यकता होती होगी।

इस पुष्प को धार्मिक, औषधीय और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक भी माना जाता है। उत्तरकाशी जिला मुख्यालय से १२ किमी दूर मांगली गांव में एक अखरोट के पेड़ पर यह पुष्प पिछले २० वर्षो से खिलता आ रहा है, जो बेहद ही खूबसूरत है और आने–जाने वाले ग्रामीणों व अतिथियों को आकर्षित कर रहा है।

लोकेंद्र सिंह बिष्ट बताते हैं कि द्रौपदीमाला का फूल इतना सुंदर और आकर्षक होता है कि इसे असम और अरुणाचल प्रदेश ने इसे अपना राज्यपुष्प घोषित कर रखा है।



मान्यता है कि द्रौपदी इन फूलों को माला के तौर पर इस्तेमाल करती थी। इस वजह से इसे द्रौपदीमाला कहा जाता है। वनवास के दौरान सीता से भी इसके जुड़ाव की मान्यता है। यहीं वजह है कि महाराष्ट्र में इसे सीतावेणी नाम से पुकारा जाता है। लोकेंद्र सिंह बिष्ट बताते हैं कि मांगली गांव में अखरोट के पेड़ पर द्रौपदीमाला का पौधा पिछले दस वर्षों से है। इस पौधे पर हर बार फूल खिलते है। लेकिन, इस पौधे के अलावा पूरे क्षेत्र में दूसरा पौधा नजर नहीं आया है। इसके बारे में स्थानीय ग्रामीणों को भी कोई जानकारी नहीं है। जबकि, वियतनाम, मलेशिया, इंडोनेशिया व भारत के अरुणाचल प्रदेश, असम व बंगाल में ये बहुतायत में प्राकृतिक रूप से उगता है।

गँगा स्वच्छता व पर्यावरण के क्षेत्र में पिछले २० वर्षो से कार्य कर रहे लोकेन्द्र सिंह बिष्ट का कहना है कि फाक्सटेल आर्किड अधिपादप श्रेणी का पौधा है। ये अखरोट, बांज और अन्य पेड़ों के तने, शाखाएं, दरारों, कोटरों, छाल आदि में मौजूद मिट्टी में उपज जाते है। वे कहते हैं कि वे उत्तरकाशी के अपने गांव मांगलीसेरा में एक अखरोट के पेड़ में इस फूल को पिछले १० वर्षो से देख रहे है , उनका कहना है कि गांव में इस पौधे का बीज हवा से ही पहुंचा होगा। साथ ही अखरोट के पेड़ पर इस पौधे के पनपने के लिए अनुकूल स्थिति व वातावरण मिला होगा। बिष्ट कहते हैं कि फाक्सटेल आर्किड के पौधे आसानी से पनपते नहीं है। इनके लिए अनुकूल वातावरण की जरूरत होती है।

गौरतलब है कि जानकारों के मुताबिक अस्थमा, किडनी स्टोन, गठिया रोड व घाव भरने में द्रोपदीमाला को दवा के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। पंश्चिम बंगाल व आसाम में इसे कुप्पु फूल के नाम से जाना जाता है।

बीहू नृत्य में महिलाओं का श्रृंगार किया जाता है। असम का बीहू नृत्य दुनियाभर में प्रसिद्ध है। सांस्कृतिक कार्यक्रम से लेकर शुभ अवसर में महिलाएं बीहू नृत्य किया जाता है।

मान्यताओं के मुताबिक इस दौरान महिलाएं बालों में इस फूल को जरूर लगाती है। वहां इसे प्रेम का प्रतीक माना जाता है। आपको बताते चलें कि वनवास के दौरान भगवान श्रीराम पंचवटी नासिक में रूके थे। तब सीता मां ने भी इस फूल का इस्तेमाल किया था। जिस वजह से इसे सीतावेणी भी कहा जाता है।

बांज व अन्य पेड़ों से जुड़ाव द्रोपदीमाला आर्किड प्रजाति का हिस्सा है। आर्किड जमीन व पेड़ दोनों पर होता है। आमतौर पर १५०० मीटर ऊंचाई पर मिलने वाला द्रोपदीमाला बांज, अखरोट व अन्य पेड़ों पर नजर आ जाता है। धार्मिक व औषधीय महत्व से अंजान होने पर लोग संरक्षण के प्रति जुड़ाव नहीं रख पाते। चारे के चक्कर में नुकसान पहुंचा देते है। उत्तराखंड में उत्तरकाशी के मॉंगलीसेरा गांव में, नैनीताल व गौरीगंगा इलाके में देखा जाता है। इसका अंग्रेजी नाम फॉक्सटेल है।

इन्द्रेणैते तृत्सवो वेविषाणा आपो न सृष्टा अधवन्त नीचीः।
दुर्मित्रासः प्रकलविन्मिमाना जहुर्विश्वानि भोजना सुदासे।।

(ऋग्वेद ७–१८–१५)

पाप वृत्ति के लोग पुण्य वृत्ति के लोगों के सामने ऐसे भागते हैं जैसे पर्वत से जल की धारा तीव्र गति से नीचे की ओर दौड़ती है।

People of sinful instinct run in front of people of virtuous instinct, like a stream of water running downhill at a fast speed from a mountain. (Rig Veda 7-18-15)

## गोपेश्वर में पुलिस भर्ती प्रक्रिया कल से

गोपेश्वर (आरएनएस)। १५ जून से चमोली जिले में शुरू होने वाली पुलिस भर्ती प्रक्रिया की तैयारियों का पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने सोमवार को निरीक्षण किया। एसपी ने निरीक्षण कर भर्ती प्रक्रिया में नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। एसपी श्वेता चौबे ने कहा पुलिस आरक्षी भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी रूप से संपन्न करायी जायेगी। १५ जून से पुलिस भर्ती के लिए शारीरिक मानक/दक्षता परीक्षा आयोजित की जाएगी। पुरुष अभ्यर्थियों की शारीरिक मानक/दक्षता परीक्षा पुलिस मैदान गोपेश्वर एवं महिला अभ्यर्थियों की खेल मैदान गोपेश्वर में परीक्षा आयोजित की जाएगी। जनपद में कुल ७०६२ पुरुष अभ्यर्थी एवं ४३३७ महिला अभ्यर्थियों की शारीरिक मानक/ दक्षता परीक्षा आयोजित होनी है। जिसमें प्रत्येक दिन ५०० पुरुष एवं ४०० महिला अभ्यर्थियों की ही परीक्षा आयोजित की जाएगी। पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने बताया सभी अभ्यर्थी यूकेएसएससी की वैबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर अपने मूल कागजात एवं २ पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो सहित भर्ती मैदान में आना सुनिश्चित करेंगे। आरक्षी भर्ती हेतु शारीरिक दक्षता परीक्षा का समय सुबह ७ बजे निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक चमोली धन सिंह रावत, प्रतिसार निरीक्षक रविकान्त सेमवाल, प्रतिसार निरीक्षक संचार जितेन्द्र भण्डारी, यातायात उपनिरीक्षक दिगम्बर सिंह उनियाल उपस्थित रहे।

## कोटद्वार विधान सभा की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण की मांग

कोटद्वार (आरएनएस)। डू समथिंग सोसाइटी के संरक्षक प्रकाश चंद्र कोठारी ने कोटद्वार विधान सभा की विभिन्न समस्याओं के निस्तारण की मांग उठाई है। इस संबंध में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि कोटद्वार गढ़वाल का प्रवेश द्वार है। यहां से रोज बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। यहां अभी भी कुछ समस्याएं हैं, जिनका समाधान होना आवश्यक है। इसमें कण्वाश्रम धाम भी है जो अब तक भी अपनी पहचान के लिए तरस रहा है। राजा जी नेशनल पार्क और कार्बेट नेशनल पार्क के बीच स्थित होने के बाद भी कोटद्वार पर्यटक स्थल नहीं बन पाया है। कोटद्वार राज्य बनने के इतना लंबा समय बीतने के बाद भी अभी तक राजधानी देहरादून से सीधे मोटर मार्ग से नहीं जुड़ पाया है। अभी भी लोगों को यूपी की सीमा से होकर देहरादून जाना पड़ता है। ज्ञापन में उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से उक्त समस्याओं का समाधान करने की अपील की है।

## युवाओं के लिए मददगार बन रहे है शिक्षक और तहसीलदार

गोपेश्वर (आरएनएस)। नगर मुख्यालय पर विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए यहां तैनात तहसीलदार और पोखरी में तैनात एक युवा शिक्षक मददगार बन रहे हैं। समूह ग सहित विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को दोनों युवा निशुल्क कोचिंग करवा रहे हैं।

पोखरी के राजकीय प्राथमिक विद्यालय विरसण में तैनात सहायक अध्यापक अमित देवली यहां युवाओं को पुलिस भर्ती सहित अन्य परीक्षाओं के लिए हिंदी, रीजनिंग सहित अन्य विषयों की निशुल्क तैयारी करवा रहे हैं। अमित देवली का कहना है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान युवाओं के अनुरोध पर निशुल्क कोचिंग की जा रही है। वहीं तहसीलदार सुरेंद्र सिंह देव भी सुबह सवेरे युवाओं को सामान्य अध्ययन सहित अन्य विषयों पर टिप्स दे रहे हैं। तहसीलदार देव का कहना है कि पहाड़ में बेहतर प्रतिभाएं हैं और समय मिलने पर वो युवाओं को टिप्स दे रहे हैं।

## दो दुपहिया वाहन चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने दो स्थानों से दो दुपहिया वाहन चोरी कर लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बाल्मीकि नगर निवासी विपुल कुमार ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह किसी काम से आईडीपीएल हाट बाजार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गया था। उसने अपनी मोटरसाईकिल स्वास्थ्य केन्द्र के बाहर खडी कर दी थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। वहीं गांधी रोड निवासी डा. विनोद कुमार गुप्ता ने कोतवाली मे मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह किसी काम से रेलवे स्टेशन गया था उसने अपनी एक्टिवा रेलवे गेट के बाहर खडी कर दी थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी एक्टिवा अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने दोनों मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# विधानसभा अध्यक्ष से मिले डीजीपी



संवाददाता

देहरादून। पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण से उनके निवासी पर मुलाकात की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने विधानसभा सत्र के दौरान शांति व कानून व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिये।

आज यहां उत्तराखंड विधानसभा का सत्र प्रारंभ होने से पहले डीजीपी अशोक कुमार ने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण से यमुना कॉलोनी स्थित उनके आवास पर भेंट की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने विधानसभा सत्र को लेकर शांति एवं कानून व्यवस्था को दुरस्त रखने के निर्देश डीजीपी को दिए।

विधानसभा अध्यक्ष ने शहर में सत्र के कारण रूट डायवर्ट प्लान की जानकारी भी डीजीपी से ली। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आम जनमानस को यातायात एवं आवागमन करने में कोई परेशानी ना हो इसका विशेष ख्याल रखा जाए। इस दौरान उन्होंने यातायात व्यवस्था एवं विधानसभा सत्र की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए संवेदनशील अधिकारियों एवं कर्मियों को ड्यूटी पर रखने की बात कही।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि विधानसभा परिसर में प्रवेश करने वाले सभी विधायकों के प्रोटोकॉल का ध्यान रखा जाए साथ ही मीडिया कर्मियों एवं आगंतुकों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसके लिए परिसर के प्रवेश द्वार पर उपस्थित पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाएं।

## स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने स्मैक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर थाना पुलिस ने सीक्यू आई तिराहे के पास दो युवकों को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उनको रूकने का इशारा किया।

पुलिस को देख वह भाग खडे हुए पुलिस ने पीछा कर उनको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने दोनों के कब्जे से 11 ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम अखिल पुत्र विनोद निवासी बागपत व नवीन उर्फ टोनी पुत्र वेदपाल सिंह निवासी अम्बेडकर कालोनी डालनवाला बताया।

## युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। फैक्ट्री में काम करने वाले युवक को कल देर शाम छुट्टी के दौरान अज्ञात लोगों द्वारा चाकुओं से गोदकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया। जिसे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हत्यारों की तलाश शुरू कर दी गयी है।



जानकारी के अनुसार सिडकुल स्थित एक इंजीनियर कम्पनी में कार्यरत अंकित निवासी अमरोहा कल देर शाम छुट्टी होने के बाद अपने घर जा रहा था। बताया जा रहा है कि इस दौरान अचानक आये एक व्यक्ति द्वारा उस पर ताबड़तोड़ चाकुओं से वार किया गया। जिससे अंकित गम्भीर रूप से घायल हो गया। अचानक हुए इस हमले के दौरान मची अफरा तफरी के बीच हत्यारा वहां से भाग निकला। घायल अंकित को कुछ लोगों द्वारा अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गयी है।

# ट्रैक्टर का सामान चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार




हमारे संवाददाता

हरिद्वार। खेत में खड़े ट्रैक्टर से सामान चोरी मामले का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने दो चोरों को चोरी किये गये माल सहित गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार बीते रोज विकास कुमार पुत्र सत्यपाल निवासी अकबरपुर कालसो द्वारा थाना भगवानपुर में तहरीर देकर बताया गया कि 11 जून को उनके खेत ग्राम खेलडी से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनके टैक्टर का सामान चोरी कर लिया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी गयी। चोरों की तलाश में जुटी पुलिस टीम को कल देर रात सूचना मिली कि उक्त चोरी में शामिल चोर खेलडी से अकबरपुर जाने वाले रास्ते पर खड़े है। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने मौके पर पहुंच कर बताये गये स्थान से मतलूब पुत्र मेहफूज निवासी खेलडी भगवानपुर व वकील पुत्र खलिल निवासी खेलडी भगवानपुर को चोरी किये गये सामान सहित गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में उन्होने बताया कि उक्त सामान उन्होने दो दिन पहले पेट्रोल पम्प खेलडी के पास खेत मे खडे ट्रेक्टर से चोरी किया था। बहरहाल पुलिस ने उन्हे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।



# फटी एड़ियों की समस्या के लिए नींबू है रामबाण

फटी एड़ियों की समस्या आज के समय में हर किसी को परेशां करती है। हालाँकि इसके लिए नींबू रामबाण है। जी हाँ, आप इसके इस्तेमाल से कुछ ही दिनों में फटी एड़ियों की परेशानी को दूर कर सकते हैं। आप सभी को बता दें कि नींबू में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट, एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण फटी एड़ियों की परेशानी को दूर करने में प्रभावी हो सकता है। इसी के साथ ही यह एड़ियों में सूजन, दरारों को कम कर सकता है। अब आज हम आपको बताने जा रहे हैं फटी एड़ियों के लिए नींबू के फायदों के बारे में और इसका इस्तेमाल कैसे करना है।

रातभर मोजे में नींबू रखकर सोएं

अगर आप काफी दिनों से फटी एड़ियों की परेशानी से जूझ रहे हैं, तो यह नुस्खा काम का है। इसके लिए आपको 1 नींबू के छोटे से टुकड़े को मोजे में डालकर पहनकर सोने की जरूरत है। वहीं रातभर मोजे में मौजूद नींबू आपके पैरों को मॉइश्चराइज कर सकता है और इससे आपके पैरों में नमी बनी रहेगी, जो पैरों के रूखेपन को दूर कर सकता है। वैसे आप चाहे तो मोजे में नींबू डालने से पहले इसे अपने तलवों पर रगड़ लें।

नींबू और पेट्रोलियम जेली

जी दरअसल इन दोनों का मिश्रण आपके पैरों को सॉफ्ट कर सकता है। इसका इस्तेमाल करने के लिए रात में सोने से पहले नींबू और पेट्रोलियम जेली का मिश्रण तैयार कर लें। उसके बाद इस मिश्रण को सोने से पहले अपने पैरों पर लगा लें। वहीं सुबह उठकर अपने पैरों को धो लें। जी दरअसल नियमित रूप से इस तरह पैरों में नींबू लगाने से फटी एड़ियों की परेशानी दूर हो सकती है।

रात में सोने से पहले नींबू के रस को अपनी एड़ियों पर रगड़ें। आप सुबह उठकर अपने पैरों को गर्म या गुनगुने पानी से अच्छी तरह से धो लेंक्योंकि नियमित रूप से ऐसा करने से आपके पैरों की खूबसूरती बढ़ेगी।

नारियल तेल और नींबू

इसको इस्तेमाल करने के लिए रात में सोने से पहले नारियल तेल में नींबू के रस की कुछ बूंदें मिक्स कर लें और अब इस मिश्रण को अपने पैरों पर रगड़ लें। उसके बाद पैरों की हल्की सी सिंकाई करें, ऐसा करने से कुछ समय तक पैरों की मसाज करने से थकान कम होगी और इसके बाद मोजे पहनकर सो जाएं। वहीं सुबह उठकर पैरों को गुनगुने पानी से धो लें। इससे आपके पैर सॉफ्ट होंगे और फटी एड़ियों की परेशानी दूर होगी।

# घर पर बहुत आसानी से तैयार किए जा सकते हैं बॉडी वॉश, जानिए कुछ तरीके

आजकल बॉडी वॉश काफी चलन में है क्योंकि यह साबुन की तुलना में त्वचा पर हार्श नहीं होता और गहराई से साफ करने के साथ-साथ त्वचा को मॉइश्चराइज भी करता है। वैसे तो आजकल मार्केट में कई तरह के बॉडी वॉश मौजूद है, लेकिन अगर आप बिना पैसे खर्च किए बॉडी वॉश चाहते हैं तो आप इसे खुद ही घर पर बनाकर इस्तेमाल कर सकते हैं। चलिए फिर आज चार तरह के बॉडी वॉश बनाने के तरीके जानते हैं।

तैलीय त्वचा के लिए बेहतरीन है यह बॉडी वॉश

सामग्री: आधा कप लिक्विड कैस्टाइल साबुन, दो बड़ी चम्मच शुद्ध नारियल का तेल, दो बड़ी चम्म्च ग्लिसरीन, एक बड़ी चम्मच जैतून का तेल, एक बड़ी चम्मच विटामिन-श्व का तेल और किसी भी खट्टे फल से बने एसेंशियल ऑयल की 20-30 बूंदें। बॉडी वॉश बनाने का तरीका: सबसे पहले एक कटोरे में सभी सामग्रियों को डालकर अच्छे से मिला लें, फिर इस मिश्रण को पंप डिस्पेंसर वाली बोतल में डालें। बस बॉडी वॉश तैयार है। शेल्फ लाइफ: दो साल।

रूखे प्रकार की त्वचा के लिए बॉडी वॉश

सामग्री: आधा कप बिना चीनी वाला नारियल का दूध, ढाई कप बिना गंध वाला लिक्विड कैस्टाइल साबुन, तीन चम्मच जोजोबा ऑयल, दो चम्मच ग्लिसरीन, एक छोटा चम्मच कच्चा शहद और पांच बूंद टी ट्री एसेंशियल ऑयल। बॉडी वॉश बनाने का तरीका: सबसे पहले एक कटोरे में सभी सामग्रियों को डालकर अच्छे से मिला लें, फिर इस मिश्रण को किसी बोतल में डालें। इस्तेमाल के लिए बॉडी वॉश को स्नान स्पंज पर डालकर इस्तेमाल करें। शेल्फ लाइफ: एक साल।

मिश्रित त्वचा के लिए बॉडी वॉश

सामग्री: डेढ़ कप लिक्विड कैस्टाइल साबुन, चार चम्मच ग्लिसरीन, 10 बूंद पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल और 10 बूंद इलंग-इलंग एसेंशियल ऑयल। बॉडी वॉश बनाने का तरीका: सबसे पहले एक पंप वाली डिस्पेंसर बोतल में लिक्विड कैस्टाइल साबुन और ग्लिसरीन डालें, फिर इसमें दोनों एसेंशियल ऑयल डालकर बोतल को अच्छे से हिलाएं और इसका बतौर बॉडी वॉश इस्तेमाल करें। शेल्फ लाइफ: इस बॉडी वॉश की शेल्फ लाइफ एक साल है।

सामग्री: आधा कप लिक्विड कैस्टाइल साबुन, आधा कप कच्चा शहद, दो बड़ी चम्मच अरंडी का तेल, दो बड़ी चम्मच जैतून का तेल और 10 बूंदें आपके पंसदीदा एसेंशियल ऑयल की। बॉडी वॉश बनाने का तरीका: सबसे पहले एक बोतल में लिक्विड कैस्टाइल साबुन डालें, फिर इसमें बाकि की सारी सामग्रियों को डालकर बोतल को अच्छे से हिलाएं। इसके बाद यह बॉडी वॉश तैयार है। शेल्फ लाइफ: यह बॉडी वॉश दो साल तक चल सकता है।

# इलायची की चाय पीने से मिलते हैं ये स्वास्थ्य लाभ



कई लोग अपने दिन की शुरूआत चाय और कॉफी से करना पसंद करते हैं। खासकर, चाय में तो कई तरह के फ्लेवर मौजूद हैं। किसी को ग्रीन टी पसंद है तो कोई कड़क चाय या नींबू की चाय का जायका लेना पसंद करता है। वहीं, इलायची की चाय पीने वालों की भी कमी नहीं है क्योंकि इस चाय का सेवन कई तरह के स्वास्थ्य लाभ देने में सक्षम है। आइए इस चाय को बनाने का तरीका और इसके फायदे जानें।

इलायची की चाय बनाने का तरीका

सामग्री: तीन-चार हरी इलायची या आधा चम्मच हरी इलायची का पाउडर, एक कप पानी, एक चौथाई चम्मच चायपत्ती, थोड़ा सा दूध (वैकल्पिक) और शहद (स्वादानुसार)। चाय बनाने का तरीका: सबसे पहले एक पैन में पानी को गर्म करें, फिर उसमें चायपत्ती डालें और जब पानी में उबाला आ जाए तो कूटी हरी इलायची या फिर हरी इलायची का पाउडर और दूध डालकर फिर से उबालें। अब चाय को एक कप में छानकर डालें और इसमें शहद मिलाकर इसका सेवन करें।

पाचन को दुरुस्त रखने में है सहायक

इलायची की चाय का सेवन पाचन क्रिया के लिए बहुत फायदेमंद होती है। एक शोध में इस बात का जिक्र मिलता है कि इलायची की चाय पाचन एंजाइम को उत्तेजित करके पाचन क्रिया को दुरुस्त रखने में मदद कर सकती है। इसके साथ ही यह कब्ज, डायरिया, अपच और गैस जैसी समस्याओं से निजात दिलाने का भी काम कर सकती है। इसके लिए बस रोजाना एक कप इलायची की चाय का सेवन करना सुनिश्चित करें।

हृदय के स्वास्थ्य के लिए है लाभदायक

एक शोध के अनुसार, इलायची की चाय में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट धमनियों के सेल्स से कोलेस्ट्रॉल को हटाकर हृदय को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। इसके साथ ही ये धमनियों के सख्त होने और इससे होने वाली समस्या एथेरोस्क्लेरोसिस से भी निजात दिलाने में सहायक हैं। एक अन्य शोध के मुताबिक, इलायची की चाय का सेवन हृदय में रक्त संचार में सुधार लाता है, जिसकी वजह से ब्लड प्रेशर के स्तर को संतुलित बनाए रखने में मदद मिलती है।



सर्दी और खांसी से मिलेगी जल्द राहत

मौसम में बदलाव के कारण सर्दी और खांसी जैसी समस्याएं होना सामान्य बात है, लेकिन ये काफी परेशान कर देती हैं, इसलिए इनसे जल्द राहत पाना जरूरी है। आप चाहें तो सर्दी और खांसी के उपचार के लिए इलायची की चाय का सेवन कर सकते हैं। कई अध्ययन के मुताबिक, इलायची की चाय एंटी-इंफ्लेमेटरी, एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-सेप्टिक गुण पाए जाते हैं, जो इन समस्याओं से राहत दिलाने में मददगार हैं।

ताजा सांस के लिए करें इस चाय का सेवन

इलायची की चाय में एंटी-बैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं, जो मुंह के कीटाणुओं को दूर कर मुंह की बदबू से राहत दिलाने में सहायक होते हैं। इसके अलावा, इलायची की चाय में मौजूद मेंथॉल प्रभाव की वजह से ताजगी का अहसास भी होता है। आप चाहें तो माउथ फ्रेशनर के रूप में भी इसका सेवन कर सकते हैं। इन्हीं फायदों की वजह से इलायची की चाय का सेवन मुंह स्वास्थ्य के लिए लाभदायक माना जाता है।

## शब्द सामर्थ्य -54


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | | स्वा | द | | स | ब | ब |
| जा | | सु | हा | ना | | | ली | द |
| ब | हु | धा | | द | ल | ना | | ल |
| | | क | मा | न | | ग | ह | ना |
| भं | व | र | | | | वा | म | |
| गी | त | | म | ज | बू | र | | ट |
| | न | म | स्का | र | | | | र |
| | | र्या | | | बी | | ना | का |
| सं | वि | दा | | ब | स | च | ल | ना |

# कभी ईद कभी दिवाली में होने जा रही है मालविका शर्मा की एंट्री

सलमान खान इन दिनों अपनी अपकमिंग मूवी कभी ईद कभी दिवाली को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। क्रिएटिव डिफरेंस के चलते आयुष शर्मा और जहीर इकबाल को बाहर का रास्ता दिखाया गया है वहीं, जस्सी गिल और सिद्धार्थ निगम को उनकी जगह लाया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें मालविका शर्मा बेहद खूबसूरत हैं। उनके क्यूटनेस पर लाखों लोग फिदा हो जाते हैं। साउथ की ये एक्ट्रेस बॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं। सलमान खान की सोशल कॉमेडी फिल्म कभी ईद कभी दिवालीमें वो नजर आएंगी। मीडिया में इनकी एंट्री को लेकर बज बना हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक सलमान खान की मूवी कभी ईद कभी दिवाली के लिए मेकर्स ने मालविका शर्मा को लीड रोल के लिए चुना गया है। मालविका शर्मा सिद्धार्थ निगम के साथ फिल्म में इश्क फरमाती दिखाई देंगी। एक्ट्रेस इस मूवी को लेकर काफी उत्साहित हैं और जल्द ही इसकी शूटिंग शुरू करेंगी। इस फिल्म में सलमान खान , मालविका शर्मा के अलावा जस्सी गिल, सिद्धार्थ निगम, वेंकटेश, पूजा हेगड़े और शहनाज गिल नजर आने वाली हैं। मूवी की शूटिंग शुरू हो चुकी हैं। साउथ एक्ट्रेस के पास इस मूवी के अलावा और भी कई प्रोजेक्ट हैं। फिल्म 30 दिसंबर 2022 को रिलीज होगी। मूवी में सलमान खान के ऑपोजिट पूजा हेगड़े होंगी। भाई जान के फैंस इस मूवी के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। बात मालविका की करें तो इनका जन्म 18 जनवरी 1995 में महाराष्ट्र में हुआ था। उन्होंने साउथ फिल्म नेला टिकट से एक्टिंग की दुनिया में डेब्यू किया था। इसके बाद वो साउथ की कई मूवी में नजर आई हैं। हिमालया और जियोनी जैसे विज्ञापन में भी वो नजर आ चुकी हैं। अब उनके फैंस उन्हें हिंदी फिल्मों में जलवे बिखेरने का इंतजार कर रहे हैं।

# बैंक डकैती थ्रिलर सीरीज 9 ऑवर्स को लेकर चर्चाएं जोरो पर

डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 9 ऑवर्स सीरीज 1980 के दशक में मल्लादी वेंकट कृष्ण मूर्ति द्वारा लिखित एक काल्पनिक कहानी पर आधारित है। सीरीज की कहानी भी 80 के दशक के रुप में सेट की गई है। ये कहानी एक जेल ब्रेकआउट की शुरुआत के साथ शुरू होती है। इसमें हैदराबाद की सेंट्रल जेल के तीन कैदी न केवल जेल से बाहर निकलते हैं बल्कि बैंक शाखा से बड़ी रकम लूटने की कोशिश भी करते हैं। जब पुलिस द्वारा इन कैदियों को निशाना बनाया जाता है, तो कोई अन्य विकल्प नहीं होने पर लुटेरे पुलिस द्वारा कार्रवाई में संलग्न होने पर बैंक के बंधकों को मारने की धमकी देकर स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। 9 ऑवर्स में रोल्स और परफॉर्मेंस की बात करें तो हर कोई काफी इंट्रेस्टेड नजर आता है। कुल मिलाकर 9 ऑवर्स कुछ तनावपूर्ण लम्हों के साथ एक सस्पेंस से भरी ड्रामा है। दर्शकों के लिए देखने का अनुभव बेहतर होता है क्योंकि जाने-माने अभिनेता प्रमुख भूमिका निभाते हैं।

# केनिशा अवस्थी के समर लुक ने हर तरफ तापमान बढ़ाया

हंसमुख अभिनेत्री और चार्टबस्टर ग्राइंड की मुख्य अभिनेत्री केनिशा अवस्थी ने तेंदुए की प्रिंट वाली बिकनी में अपनी जलती हुई तस्वीरों से इंटरनेट पर धमाल मचा दिया है। इस भीषण गर्मी में अपने फैनबेस को खूब पसीना बहाते हुए केनिशा की बाथटब में पोज देते हुए तस्वीरें वायरल हो रही हैं। एक फैशन प्रेरणा और सोशल मीडिया पर हिट, केनिशा अवस्थी की उबेर शांत शैली और आत्मविश्वास ने हमें नोट कर लिया है। एनिमल प्रिंट इन दिनों फैशन क्लासिक होने के साथ, अभिनेत्री बहुत ही स्टाइलिश जंजीर वाले टू पीस में पोज़ देती है। केनिशा ने अपने इस उग्र रूप पर टिप्पणी की, सेक्सी और सुंदर होने का मंत्र हमारे दिमाग में निहित है। स्वयं होने से, आप किसी के होने का आत्मविश्वास हासिल करते हैं, जिसे आपको कैमरे के सामने रहने की आवश्यकता होती है, जब आप इसे गले लगा सकते हैं कि आप प्रामाणिक रूप से कौन हैं बिना चटकीले मीठे वार्निश के आप अपना रास्ता खुद बनाते हैं और वास्तव में आपके लिए अद्वितीय है। एक ऐसे उद्योग में जहां बड़े पैमाने पर हर कोई नकली मोर्चा खोल रहा है, असली होने से आप बहुत अधिक प्रमुखता से बहुत जल्दी खड़े हो जाएंगे या इसलिए मेरा सामान्य ज्ञान कहता है कि एक प्रदर्शन करने वाले कलाकार के पेशे में, आत्म-प्रेम सफलता की कुंजी है जो सुनिश्चित करता है कि आप स्थानों पर जाएं और आपको उन ऊंचाइयों पर ले जाएं जिनकी आप उंचाइयों को छूना चाहते हैं।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन


# 777 चार्ली ने मुझे अपने कुत्तों के साथ बिताए कई पलों को याद दिला दिया : संयुक्ता हेगड़े



अभिनेता रक्षित शेट्टी की फिल्म 777 चार्ली की चर्चा तो हर तरफ हो ही रहीं है, इस बीच फिल्म देखने के बाद अभिनेत्री संयुक्ता हेंगड़े ने फिल्म और फिल्म के कलाकारों को लेकर तरीफ की है।

अभिनेता रक्षित शेट्टी को जन्मदिन की बधाई देते हुए संयुका ने लिखा है, मैसेज लिखा है।

आपको जन्मदिन मुबारक हो। कल 777 चार्ली देखने से मुझे अपने कुत्तों के साथ वर्षों से बिताए कई पलों को फिर से जीवंत कर दिया। यह काफी बेहतरीन फिल्म है, आपने सभी भावनाओं को इतनी अच्छी तरह से कैद किया है।

आप सब बहुत ही बेहतरीन है, इस फिल्म को इतने अच्छे से काम किया आपने। मुझे यकीन है कि स्क्रीन पर मैंने जो कुछ भी देखा वो सबके लिए काफी कठिन है। लेकिन आपने सब बहुत ही बेहरीन ढग से किया है।

कलाकार, क्रू सभी ने बेहतर प्रदर्शन किया जैसा हमने पहले नहीं देखा है। यह आपके दिल के सभी तारों को बजाकर दिखाता है कि एक कुत्ता आपके जीवन को कितना बेहतर बना सकता है।

मुझे लगता है यह फिल्म जरूर देखनी चाहिए, खासकर उन लोगों के लिए जिनके पास कुत्ते नहीं हैं। कन्नड़ फिल्में पूरे देश में धूम मचा रही हैं!

किरणराज के द्वारा निर्देशित इस फिल्म में रक्षित शेट्टी और संगीता श्रृंगेरी मुख्य भूमिका में हैं।

# द ब्रोकन न्यूज में सोनाली बेंद्रे के साथ काम कर रही है संजीता भट्टाचार्या

गायिका संजीता भट्टाचार्या, जिन्होंने नेटफ्लिक्स सीरीज़ फील्स लाइक इश्क में एक अभिनेत्री के रूप में शानदार शुरुआत की, वह अब जी5 पर बीबीसी स्टूडियो के शो द ब्रोकन न्यूज़ में सोनाली बेंद्रे के साथ स्क्रीन साझा करने वाली हैं। इस शो में श्रिया पिलगांवकर भी हैं।

संजीता द ब्रोकन न्यूज में एक पत्रकार की भूमिका निभा रही हैं। यह शो एक समाचार चैनल के बीच के संघर्ष को उजागर करता है। एक जो सच्चाई के लिए प्रयास करता है और दूसरा जो सनसनीखेज खबरें चाहता है। द ब्रोकन न्यूज में, संजीता पत्रकार जूही शेरगिल के किरदार में नजर आएंगी, जो न्यूज चैनल आवाज भारती में काम करती हैं। उनकी बॉस अमीना कुरैशी का किरदार सोनाली बेंद्रे निभा रही है।

संजीता सोनाली बेंद्रे की नम्रता और स्वाभाव से उनकी कायल हो गई। संजीता का कहना है कि 90 के दशक की राज करने वाली स्टार, सोनाली बेंद्रे एक अनुभवी अभिनेत्री है साथ ही वह बेहद शालीन, मिलनसार, विनम्र और सुंदर भी है।

गायिका संजीता ने अभी-अभी अपना नया गाना उड़ चलें रिलीज़ किया है। उन्होंने द ब्रोकन न्यूज के अनुभव को बताते हुए कहा, सोनाली मैम ने मेरी लाइनों को पढ़ने में मेरी बहुत मदद की। अगर मैं कभी लड़खडाती तो वह मुझे सुधार देती। उनकी उपस्थिति में मुझे एक बार भी डर नहीं लगा। वह अपने आस पास एक सहज माहौल बना कर रखती है। जिससे वास्तव में मुझे प्यार हो गया है।

इस बीच, संजीता ने श्रिया के साथ द ब्रोकन न्यूज के सेट पर काफी समय बिताया। उन्होंने कहा कि मैं तुरंत श्रिया के करीब हो गई और हमने प्यारा समय साथ बिताया, काफी बातचीत की, एवं साथ में लंच पर भी गए, हमने एक दूसरे से अपने अनुभव भी साझा किये। हम सेट पर पूरा समय साथ रहते थे।

आपको बता दे संजीता बर्कली कॉलेज ऑफ म्यूजिक से ग्रेजुएट है। जी5 सीरीज़ में तारुक रैना भी हैं, जो संजीता के हाई स्कूल बैंडमेट रहे है। उन्होंने बताया कि अब उनका एक साथ काम करना दोनों के लिए सबसे बड़ा संयोग रहा। संजीता ने मुझे लगा जैसे मैं वास्तव में सबसे सुरक्षित जगह पर थी, लोगों के सबसे प्यारे झुंड से घिरी हुई थी।

# क्षेत्रीय संगीत उद्योग लोकप्रिय हो रहा है

उत्तर भारत में क्षेत्रीय स्थानीय भाषा का लोकप्रिय संगीत उद्योग हर गुजरते दिन लोकप्रियता प्राप्त कर रहा है। हरियाणवी म्यूजिक ट्रेंडिंग और उभरते हुए म्यूजिक बिजनेस में से एक है। उत्तर भारत में ऊपरी-छोर क्षेत्रीय लोकप्रिय संगीत के साथ-साथ गीत-नृत्य दृश्यों का प्रभुत्व है। हरियाणवी लोकप्रिय संगीत दृश्य समकालीन संगीत संस्कृति के पहलुओं पर एक संक्षिप्त अद्यतन का प्रयास करता है। हरियाणवी संगीत किसी भी अन्य संगीत उद्योग से अलग है। श्री सुरेश भानुशाली और फोटोफिट म्यूजिक संगीत के इस विशिष्ट रूप को सुर्खियों में लाते हैं ताकि यह अपनी लोकप्रियता हासिल कर सके।

हालांकि, बॉलीवुड शैली के सेट और प्रभावों की तुलना में क्षेत्रीय गाने वस्तुत: असाधारण लग सकते हैं, फिर भी, नाटकीय और मनोरंजक उपस्थिति दर्शकों को कभी भी विफल नहीं करती है। संगीत उद्योग का विकेंद्रीकरण और क्षेत्रीय और विशिष्ट लोक शैलियों का प्रसार आज भी मौलिक है। फोटोफिट म्यूजिक के निदेशक, श्री राजीव जॉन सौसन कहते हैं, क्षेत्रीय संगीत उद्योग विशुद्ध रूप से अपने मनोरंजन कारक के आधार पर लोकप्रिय हो रहा है।

पटोला एक खूबसूरत हरियाणवी ट्रैक है जिसे श्री सुरेश भानुशाली ने फोटोफिट म्यूजिक के सहयोग से निर्मित किया है। वीडियो ठेठ ग्रामीण परिवेश में मंचन करके और एक जोड़े की एक प्यारी प्रेम कहानी को चित्रित करके ग्रामीण जीवन के सरल आकर्षण और वैधता की पुष्टि करता है। पटोला में नृत्य हरियाणवी शैली में जबरदस्त है और हरियाणवी सुपरस्टार के डी सिंग और भव्य रूमा खान द्वारा जबरदस्त ढंग से चित्रित किया गया है। शीर्ष हरियाणवी गायिका रुचिका जांगिड़ ने इस गाने को शानदार ढंग से गाया है। आमीन बरोदी के बोल और जीआर म्यूजिक का संगीत आश्चर्यजनक रूप से लयबद्ध है। प्रोजेक्ट हेड श्री राजीव जॉन सौसन के मार्गदर्शन के साथ, गीत वह स्वाद और दृश्य देता है जिसकी अपेक्षा की गई थी।

इसी तरह, कुछ प्रमुख क्षेत्रों - विशेष रूप से पंजाब, हरियाणा, और इसके आगे के स्थानीय भाषा के संगीत वीडियो को अच्छी तरह से प्रस्तुत किया जाता है। फोटोफिट म्यूजिक के निदेशक श्री अमित के शिवा आगे कहते हैं, यह उन प्रसिद्ध क्षेत्रों में से एक है, जहां संगीत की धूम मची हुई है।

श्री सुरेश भानुशाली और फोटोफिट म्यूजिक ने वैश्विक संगीत संस्कृतियों में एक नई क्रांति की शुरुआत की है, जो संगीत व्यवसाय के लिए नए अवसर और चुनौतियां पेश करता है। स्थानीय क्षेत्रीय संगीत उद्योग पर काफी कम सत्यापन योग्य जानकारी उपलब्ध है। और, एक प्रोडक्शन कंपनी के रूप में फोटोफिट म्यूजिक ने प्रतिभाओं को शुरू करने और प्रदर्शित करने के लिए अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने के लिए कदम बढ़ाया। फोटोफिट म्यूजिक ने अपनी अत्यधिक प्रतिभाशाली टीम के साथ क्षेत्रीय व्यापार को व्यापक प्रदर्शन दिया है।

फोटोफिट म्यूजिक ने लगातार प्राथमिकता दी है और अपने दर्शकों के मनोरंजन के निष्कर्षों को पूरा किया है और आगे भी ऐसा करना जारी रखेगा।

# प्रधानमंत्री मोदी ने बदल दी भारत की नियति

अनुराग सिंह ठाकुर

राजनीति में सात दिन एक लंबा समय हो सकता है, लेकिन किसी देश के इतिहास में आठ साल का समय बहुत कम होता है। फिर भी, इस कम समय में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की वैश्विक प्रोफाइल को बड़े पैमाने पर ऊपर उठाया है और विश्वगुरु के रूप में राष्ट्र के खोए हुए गौरव, प्रतिष्ठा और गरिमा को बहाल किया है। जैसा कि हम प्रधानमंत्री के रूप में उनके नेतृत्व के नौवें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं, भारत न केवल घरेलू मोर्चे पर बल्कि दुनिया में भी आगे बढ़ेगा। भारत की नियति का मार्ग दृढ़ता से निर्धारित किया गया है।

राष्ट्रीय हित को पारंपरिक भू-राजनीति से ऊपर रखने की प्रधानमंत्री मोदी की इंडिया फर्स्ट नीति ने निस्संदेह विदेशों में भारत के उदय को प्रेरित किया है। हार्ड और सॉफ्ट पावर प्रोजेक्शन का एक निपुण संयोजन, प्रौद्योगिकी में भारत की विशेषज्ञता के एक मजबूत प्रदर्शन के साथ युग्मित है और इनका इस्तेमाल यह सुनिश्चित करेगा कि चौथी औद्योगिक क्रांति के दौरान हम कोई मौका नहीं गवाएंगे और इसने इंडिया फर्स्ट नीति में जान डाल दी है। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा भारत की सभ्यतागत विरासत और इसकी संस्कृति को बेरोक-टोक बढ़ावा दिए जाने से इसे ताकत मिली है।

पिछली सरकारों ने भारत की सॉफ्ट पावर को प्रोजेक्ट करने की कोशिश की, लेकिन उन प्रयासों का सीमित प्रभाव पड़ा। पर्यटन से संबंधित बुनियादी ढांचे पर ध्यान केंद्रित किए बिना पर्यटन को बढ़ावा देना, या भारत की बहु-रंगी अपील को केवल एक स्मारक तक सीमित करना, या इससे भी बदतर, लोकप्रिय संस्कृति के सबसे निचले हिस्से को भारत की विरासत के रूप में प्रदर्शित करना, इन सब ने सॉफ्ट पावर के मोर्चे पर भारत के उदय को रोक दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दृष्टिकोण में व्यापक बदलाव लाए हैं, कैनवास को बड़ा किया है और पूरक तत्वों को शामिल किया है। उदाहरण के लिए, इस प्राचीन भूमि से दुनिया को एक उपहार के रूप में योग अब दुनिया भर में एक घरेलू नाम है, संयुक्त राष्ट्र को 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित करने और भारत की इस अनूठी सभ्यतागत विरासत को लोकप्रिय बनाने के लिए कई पहलों के साथ इसका समर्थन करने की पहल के लिए धन्यवाद।

अतीत में, वसुधैव कुटुम्बकम एक खाली नारा बन गया था, एक क्लिच जो अपने मजबूत नैतिक अर्थ को खो चुका था। विश्व एक परिवार है कहना और भारत के सभ्यतागत लोकाचार में निहित इस शाश्वत सत्य को जीना दो अलग-अलग चीजें हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने दिखा दिया है कि भारत न केवल अपने प्राचीन संतों के ज्ञान और अपने प्राचीन ग्रंथों में निहित इस कहावत में विश्वास करता है, बल्कि इसे जीता भी है। इसलिए, जब विकसित दुनिया ने कोविड-19 वैक्सीन के साथ दूसरों की मदद करने में अनिच्छा दिखाई, तो प्रधानमंत्री मोदी ने पड़ोसियों के साथ-साथ दूर के देशों की भी मदद करने के लिए कदम बढ़ाया। हाल के दिनों में कई मायनों में, वैक्सीन मैत्री भारत का सबसे बेहतरीन क्षण था जब हमने दुनिया को दिखाया कि हम एक राष्ट्र और एक सभ्यता के रूप में अलग हैं; कि हम विकसित दुनिया के इस विचार से सहमत नहीं हैं कि हमें भी प्रतिकूल स्थितियों का लाभ लेना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी के लिए वसुधैव कुटुम्बकम, केवल महामारी सहायता को लेकर ही नहीं है। भारत पहला देश था जिसने आपदा राहत के साथ संपर्क किया जब नेपाल में एक भयानक भूकंप आया, इसके बाद ही इस क्षेत्र के अन्य देशों ने इस संबंध में कार्रवाई की। ऐसे समय में जब श्रीलंका अशांत समय से गुजर रहा है, भारत ने संकट से निपटने में मदद के लिए बेझिझक कदम बढ़ाया है। काबुल के पतन और तालिबान के उदय के बाद दुनिया ने अफगानिस्तान से मुंह फेर लिया है। इस महत्वपूर्ण घटना के सुरक्षा निहितार्थों के बावजूद, भारत ने अफगानिस्तान के लोगों को खाद्य राहत प्रदान करना चुना है। अतीत में, यह भारत ही था जिसने अफगानों को एक संसद भवन उपहार में दिया था और अफगानिस्तान के सबसे महत्वपूर्ण बांधों में से एक का निर्माण किया था।

वसुधैव कुटुम्बकुम के उदात्त सिद्धांत को जीने वाले, जिस तरह से हम दुनिया को देखते हैं और उससे जुड़ते हैं, उसमें मूल्यों को बहाल करने की भारत की सूची उतनी ही लंबी है, जितना कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का दृष्टिकोण व्यापक है। उदाहरण के लिए, मजबूर घरेलू कारणों से गेहूं के निर्यात पर रोक लगाते हुए भी, भारत ने यह अच्छी तरह स्पष्ट कर दिया है कि जिन देशों को गेहूं की जरूरत है, उन्हें मामला-दर-मामला आधार पर गेहूं उपलब्ध कराया जाएगा। इस निर्णय के पीछे यह गहरा नैतिक विचार है कि यदि विश्व एक परिवार है तो खाद्य सुरक्षा अकेले भारत के लिए नहीं हो सकती। जबकि अन्य विश्व नेता मूल्यों और सिद्धांतों के लिए लिप सर्विस करते हैं, प्रधानमंत्री मोदी ऐसे मूल्यों और सिद्धांतों को सुनिश्चित करते हैं जो दुनिया के साथ भारत के जुड़ाव का मार्गदर्शन करते हैं।

हम जो यह अभूतपूर्व उत्साह देखते हैं, भारतीयों में विश्वास है कि वे ऐसा कर सकते हैं क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी का मानना है कि यह किया जा सकता है, यह सब व्यापक है। हमारे खिलाड़ी, यंग इंडिया के बेहतरीन उदाहरणों में से और कैन डू मोदी मंत्र से प्रेरित हैं, उत्कृष्ट हैं और घरेलू ट्राफियां ला रहे हैं जिनका हम पहले केवल सपना देख सकते थे। बॉलीवुड अब केवल एक निश्चित किस्म की लोकप्रिय संस्कृति के बारे में नहीं है। हमारे बेहद प्रतिभाशाली फिल्म उद्योग ने विश्व स्तर की विषय-सामग्री का निर्माण करने के लिए रचनात्मकता, संस्कृति और प्रौद्योगिकी को संयोजित करने के लिए आगे कदम बढ़ाया है जो विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकता है। मनोरंजन मीडिया और प्रौद्योगिकी ने भारत को एक विषय-सामग्री उप-महाद्वीप बनाने के लिए मूल रूप से विलय कर दिया है, जो दुनिया भर में सामग्री उत्पादकों के लिए एक आदर्श मंच है। भारत विषय-सामग्री का सबसे बड़ा उपभोक्ता और उत्पादक दोनों बनने की ओर अग्रसर है। हाल ही में, भारत को कान्स में इस साल के कंट्री ऑफ ऑनर के रूप में नामित किया गया है।

भारत की विशालता - और इस महान राष्ट्र के बारे में दुनिया को अभी तक क्या पता चला है - इसका उदाहरण प्रधानमंत्री मोदी द्वारा विश्व के नेताओं के लिए दिए गए उपहारों से है। कोई भी दो उपहार एक जैसे नहीं होते, कोई भी दो उपहार एक ही जगह से नहीं आते। प्रत्येक अद्वितीय है, प्रत्येक अपने सच्चे अर्थों में भारत की सॉफ्ट पावर के महान मोज़ेक का एक छोटे से टुकड़े का प्रतीक है; प्रत्येक एक सभ्यतागत राष्ट्र के रूप में भारत की ऊंचाइयों और उपलब्धियों की महानता का जश्न मनाता है। भारत आज मंगल और चंद्रमा पर मिशन भेज सकता है ; भारत सुपरसोनिक मिसाइल और एयरक्राफ्ट कैरियर बना सकता है ; भारत बेहतरीन रचनात्मक चिंतन पैदा कर सकता है; भारत बुनियादी ढांचे की कमी को तेजी से पूरा कर सकता है; भारत अन्य देशों की तुलना में एक महामारी का बेहतर प्रबंधन कर सकता है और अपनी अर्थव्यवस्था को किसी अन्य देशों की तुलना में तेजी से पुन: आगे बढ़ा सकता है; भारत गरीबी और असमानता को प्रभावी ढंग से कम कर सकता है; और, भारत दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में खड़ा हो सकता है।

जैसा कि भारत अपनी स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है, यह माना जाना चाहिए कि इन आठ वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने आने वाले दशकों के लिए भारत के बेरोक-टोक उत्थान की नींव रखी है। भारत अपने घरेलू मोर्चे पर खुद समृद्ध होता रहेगा और राष्ट्रों के समूह में भारत का कद बढ़ता रहेगा। एक प्राचीन सभ्यता के रूप में आज की दुनिया में अपना सही स्थान पा रहा है, भारत को विश्व गुरु के रूप में स्वीकार किया जाएगा - एक आत्मविश्वासी और आत्मनिर्भर राष्ट्र जो नेतृत्व और प्रेरणा देता है। प्रधानमंत्री मोदी ने सचमुच और निसंदेह भारत की नियति को बदल दिया है।

*(लेखक भारत के केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा खेल एवं युवा कार्य मंत्री हैं)*

## सू- दोकू क्र. 54

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र. 53 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

# नेताओं पर कुछ पाबंदियां जरुरी

वेद प्रताप वैदिक

संसद की संयुक्त समिति ने एक आदेश जारी किया है, जिसके कारण अब सांसदों को सिर्फ अपनी एक ही पेंशन पर गुजारा करना होगा। अभी तक एक सांसद को, यदि वह विधायक भी रहा हो और सरकारी कर्मचारी भी रहा हो तो तीन-तीन पेंशनें लेने की सुविधा बनी हुई है। हमारे सांसदों को तीन लाख ३० हजार रु. तो हर महिने वेतन के तौर पर मिलते ही हैं, उन्हें तरह-तरह की इतनी सुविधाएं भी मिलती हैं कि उन सबका हिसाब बाजार भाव से जोड़ा जाए तो उन पर होने वाला सरकारी खर्च कम से कम १० लाख रु. प्रति माह होता है जबकि भारत के लगभग १०० करोड़ लोग १० हजार रु. प्रति माह से भी कम में गुजारा करते हैं। हमारे वे सांसद और विधायक बिल्कुल भौंदू माने जाएंगे, जो सिर्फ अपने वेतन और भत्तों पर ही निर्भर होंगे। राजनीति में आने वाला हर व्यक्ति, चाहे वह किसी भी पार्टी का हो, उसके लिए यह सरकारी वेतन और भत्ते तो ऊँट के मुंह में जीरे के समान हैं। हमारी राजनीति का शुद्धिकरण तभी हो सकता है जबकि हमारे जन-प्रतिनिधि आचार्य कौटिल्य की सादगी का अनुकरण करें या यूनानी विद्वान प्लेटो के दार्शनिक सेवकों की तरह रहें।

प्रधानमंत्री ने खुद को 'प्रधान जनसेवक' कहा है, जो बिल्कुल उचित है लेकिन हमारे नेता गण वास्तव में जनता के प्रधान मालिक बन बैठते हैं। उनकी लूट-पाट और उनकी अकड़ हमारे नौकरशाहों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक होती है। वे उनसे भी ज्यादा अकड़बाज और लुटेरे बनकर ठाठ करते हैं। संसदीय समिति को बधाई कि उसने अभी सांसदों की दुगुनी-तिगुनी पेंशन पर रोक लगाई है लेकिन यह काम अभी अधूरा ही है।

उसे पहला काम तो यह करना चाहिए कि सांसदों को अपने वेतन और भत्ते खुद ही बढ़ाने के अधिकार को वह समाप्त करे। दुनिया के कई लोकतांत्रिक देशों में यह अधिकार दूसरे संगठन को दिया गया है। इसके अलावा जरा यह भी सोचा जाए कि यदि कोई व्यक्ति पांच साल से कम समय तक संसद और विधायक रहे तो उसे पेंशन क्यों दी जाए? क्या सरकारी कर्मचारी और विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों को इस तरह पेंशन मिल जाती है? मेरी अपनी राय तो यह है कि सांसदों और विधायकों को कोई पेंशन नहीं लेनी चाहिए।

इसके अलावा यदि विभिन्न राज्यों का हिसाब-किताब देखें तो वहां पेंशन के नाम पर लूट मची हुई है। कई राज्यों में जो विधायक कई बार चुने जाते हैं, उनकी पुरानी पेंशन में नई पेंशन भी जुड़ जाती है। पंजाब में अकाली दल के 11 बार विधायक रहे प्रकाशसिंह बादल को लगभग 6 लाख रु. प्रति माह पेंशन मिलती है। 'आप पार्टी' की मान सरकार इस प्रावधान पर रोक लगा रही है।

# रिलीज हुआ खुदा हाफिज 2 का ट्रेलर, फिर अपनों के लिए मौत से भिड़ेंगे विद्युत जामवाल

बॉलीवुड फिल्मों के मशहूर स्टार शिवालिका ओबेरॉय एवं विद्युत जामवाल अभिनीत फिल्म खुदा हाफिज चैप्टर 2- अग्नि परीक्षा का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इसमें विद्युत जामवाल एवं शिवालिका का जबरदस्त अंदाज दिखाई दिया है।

वही ट्रेलर से एक बात स्पष्ट है कि जहां खुदा हाफिज में विद्युत जामवाल पत्नी की तलाश में भटकते दिखाई देते हैं इस बार वो बेटी के लिए मौत से टक्कर लेने से भी नहीं कतराएंगे। गोद ली हुई बेटी को अपहरण कर लिया जाता है तथा फिर उसे मौत के घाट उतारने का प्रयास भी किया जाता है किन्तु अपनी लाडली को वापस लाने के लिए विद्युत हर संकट से टकरा जाते हैं। अब फिल्म के क्लाइमेक्स में क्या होगा ये जानने के लिए फिलहाल फिल्म देखनी होगी।

वही फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है जो विद्युत के प्रशंसक एवं एक्शन के दीवानो के लिए ट्रीट की भांति होगा। इन दिनों एक्शन पैक्ड फिल्मों का बोलबाला है लिहाजा यदि आप भी मार धाड़ वाली फिल्मों के दीवाने हैं तो खुदा हाफिज आपके लिए परफेक्ट है। ट्रेलर के साथ साथ फिल्म की रिलीज दिनांक की घोषणा भी कर दी गई है। 8 जुलाई को ये फिल्म रिलीज होगी।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विधानसभा में विधानसभा बजट सत्र शुरू होने से पहले विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खंडूड़ी भूषण एवं नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर वित्त मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल भी उपस्थित थे।

## सुदूरवर्ती गांव नामिक में स्वास्थ्य शिविर आयोजित



कार्यालय संवाददाता

मुनस्यारी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग पिथौरागढ़ के सहयोग से सबसे सुदूरवर्ती गांव नामिक में आज स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। १२ किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा के बाद पहुंचे चिकित्सकों की टीम ने १४७ रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाइयां बांटी। महिला रोगियों का विशेष उपचार किया गया। बच्चों का भी परीक्षण किया गया।

जिला अधिकारी डां आशीष चौहान तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एचएस ह्यांकी के आदेश तथा जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया की पहल पर स्वास्थ्य सुविधा से वंचित नामिक में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।

नामिक गांव पहुंचने के लिए आधा दर्जन पैदल मार्ग है, लेकिन सड़क एक भी नहीं है।

पिथौरागढ़ जिले के थल– मुनस्यारी मोटर मार्ग के बला से २७ किमी तथा बागेश्वर जिले के शामा – केमू मोटर मार्ग के गोगिना से ६ किमी की कठिन पैदल यात्रा करने के बाद नामिक गांव पहुंचा जा सकता है।

नामिक में सरकार ने २०१५ में उप स्वास्थ्य केन्द्र का वोर्ड स्कूल में टांग दिया, लेकिन आज भी यहां स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर एक सिरदर्द की गोली देने की व्यवस्था तक नहीं है।

लंबे समय के बाद नामिक में लगाएं गये स्वास्थ्य शिविर में महिला चिकित्साधिकारी डॉ प्रणिता टोलिया, चिकित्सा अधिकारी डॉ विवेक कुमार, फार्मासिस्ट नवीन चन्द्र आर्या, एएनएम कमला शर्मा,सीएचओ तारा गर्ब्याल, अभिषेक शर्मा ने इस दुरस्थ क्षेत्र में मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। मरीजों को दवा तथा गंभीर रूप से बीमार मरीजों को बाहर इलाज करने की सलाह दी गई।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने कहा कि दुरस्थ क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के साथ उन्हें इलाज की सुविधा दिए जाने की यह मुहिम स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जारी रहेगा।

इस मौके पर ग्राम प्रधान तुलसी जैम्याल, भारतीय स्टेट बैंक के सेवानिवृत्त वरिष्ठ प्रबंधक बहादुर सिंह धर्मसक्तू, राउमावि नामिक के प्रधानाचार्य भगवान सिंह जैम्याल, सहायक अध्यापक जितेन्द्र सिंह सामंत ने सहयोग दिया।

## सरकार ने लांच की अग्निपथ योजना... ▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

भी आसान हो जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा 10 लाख नौकरियां देने की घोषणा की गई थी। बीते दो साल से सेना में भर्तियां नहीं हुई है। रेलवे में तीन लाख पद खाली पड़े हैं वही रेवेन्यू विभाग में 75 हजार तथा रक्षा सिविल में ढाई लाख पद खाली पड़े हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अगले डेढ़ साल में दस लाख नौकरियां देने की घोषणा की है जिसकी शुरुआत आज अग्नीपथ योजना से की गई है।

# गदेरे में स्नान करते 4 लड़के डूबे

संवाददाता

बागेश्वर। कपकोट में गदेरे में स्नान करते चार किशोर डुब गये। स्थानीय लोगों व एसडीआरएफ की टीम ने सभी किशोरों के शव बरामद कर लिये है।

मिली जानकारी के अनुसार एसडीआरएफ टीम को तहसीलदार कपकोट द्वारा अवगत कराया गया कि गोगिना के पास गदेरे में स्नान के दौरान 04 किशोर बह गए हैं। जिसमे से 03 के शव स्थानीय लोगों द्वारा बरामद कर लिए है व एक किशोर लापता है। जिसकी सर्चिंग हेतु एसडीआरएफ टीम की आवश्यकता है। उपरोक्त सूचना प्राप्त होने पर एसडीआरएफ पोस्ट कपकोट से एचसीयूटी राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम मय रेस्क्यू उपकरणों के तत्काल घटनास्थल पर पहुंची व सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। गहन सर्चिंग के उपरांत लापता बच्चे का कोई सुराग नही मिल पाया। उक्त तीन किशोर हल्द्वानी तथा 01 किशोर बिंदुखत्ता से गांव में अपने



रिश्तेदारों के घर आए हुए थे। सोमवार की सुबह वह अपने घर से नाश्ता कर गोगीना के पास बर्थी गधेरे में स्नान के लिए चले गए। पानी का स्तर बढ़ जाने के कारण उक्त चारों किशोर पानी के तेज बहाव के साथ बह गए।

आज एसडीआरएफ टीम द्वारा प्रात: पुन: सर्चिंग की गई, गहन सर्चिंग के दौरान उक्त किशोर का शव को गदेरे से बरामद किया गया व उसके उपरांत उक्त शव को मुख्य मार्ग तक पहुंचाकर बॉडी बैग के माध्यम से जिला पुलिस के सुपुर्द किया गया। मृतकों की पहचान विक्रम सिंह पुत्र नारायण सिंह उम्र 15 वर्ष, अभिषेक पुत्र त्रिलोक सिंह उम्र 17 वर्ष, सुरेंद्र ताकुली पुत्र दुर्गा सिंह उम्र 16 वर्ष, अजय रौतेला पुत्र नारायण सिंह उम्र 18 वर्ष के रूप में हुई।

## मन्दिर से दो बच्चे लापता

संवाददाता

देहरादून। तिब्ती समुदाय के दो बच्चे मन्दिर से लापता हो गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार माण्डूवाला निवासी छोकी बंगपो ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि सुबह साढे पांच बजे दो बच्चे तेन्पा नमग्याल पुत्र कुमार, तेन्पा चोम्फेल पुत्र व्रज बहादुर जो कि तिबती मोनेस्ट्री (नगोर पाल इवाम छूडन) में शिक्षा ग्रहण करते थ।

दोनो बच्चे मन्दिर से सुबह लगभग साढे पांच बजे कही बिना बताये चले गये मन्दिर समिति के द्वारा उनको बहुत ढूढने कि कोशिश कि गयी लेकिन दोनो बच्चो का कही पता नही चला। दोनों की नागरिकता नेपाल की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## दहेज में कार ना लाने पर विवाहिता को घर से निकाला, मुकदमा दर्ज

संवाददाता



देहरादून। दहेज मे कार ना लाने पर विवाहिता को घर से निकालने व अपने पहले विवाह को छुपाकर धोखा देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वन विहार शिमला बाईपास निवासी शशि ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका विवाह फरवरी 2020 को अमित कुमार पुत्र रामजतन प्रसाद निवासी आवास विकास कालोनी, गदरपुर, जिला उधमसिंहनगर के साथ अरेंज मैरिज हुई थी। लेकिन विवाह के कुछ दिनो बाद से ही उसके ससुराल वाले उसको दहेज में कार ना लाने पर ताने देने लगे तथा उसके पति के द्वारा उसके साथ मारपीट गाली गलौच की जाने लगी। इसी दौरान उसको पता चला कि उससे पहले भी उसके पति की एक शादी हो चुकी है तो उसने अप ने ससुराल वालों से इस बारे में बात की तो उन्होंने उसके साथ मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। उनके काफी परेशान करने की शिकायत उसने अपने पिता से भी की। उसके पिता के दबाव के चलते उसका पति उसको उसके मायके छोडकर चला गया तथा साफ कहा कि अगर कार लेकर नहीं आयी तो उनके घर पर मत आना। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी

# बोलेरो के दुर्घटना ग्रस्त होने पर 12 लोग घायल

संवाददाता

देहरादून। बोलेरो वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने पर उसमें सवार एक दर्जन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को कोरोनेशन व दून चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। घायलों का हाल

### ❑कृषि मंत्री घायलों का हाल जानने पहुंचे अस्पताल

जानने के लिए कृषि मंत्री गणेश जोशी अस्पताल पहुचे जहां पर उन्होंने चिकित्सकों को जरूरी निर्देश दिये।



प्राप्त जानकारी के अनुसार आज थाना रायपुर चौकी मालदेवता पर सूचना प्राप्त हुई कि एक बोलेरो मैक्स फुलैत गांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई है जिसमें कुछ यात्री सवार है। सूचना पर चौकी मालदेवता का फोर्स घटनास्थल पर पहुंचा एवं स्थानीय नागरिकों की सहायता से घायलों को कोरोनेशन व दून हॉस्पिटल पहुंचाया गया। जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि सभी यात्री सिमयारी गांव के निवासी हैं एवं गांव से सुरकंडा देवी मंदिर जा रहे थे कि फुलैत गांव के पास वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जांच प्रचलित सभी घायल उपचाराधीन है। घायलों की पहचान गंभीर पुत्र इंदर सिंह वाहन चालक, आनंदी देवी पत्नी आनंद निवासी सिरियारी थाना रायपुर, रजनी देवी पत्नी सुरेंद्र, केशव रावत, कीडी देवी, कविता भट्ट पत्नी दिनेश भट्ट, मंजू पत्नी राजेंद्र, हिमांशु पुत्र गणेश, प्रियांशु पुत्र दिनेश, महादेव पुत्र खिलाना, राजेंद्र भट्ट पुत्र आनंद, सहदेव पुत्र खिलाना के रूप में हुई सभी निवासी ग्राम सिमयारी थाना रायपुर जनपद के है।

## एक नजर

# राहुल गांधी की बुलंद आवाज से डर गई है बीजेपीः रणदीप सुरजेवाला

नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी बीजेपी और केंद्र सरकार पर हमलावर है। पार्टी के वरिष्ठ प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि बीजेपी राहुल गांधी की बुलंद आवाज से डर गई है। रणदीप सुरजेवाला ने मंगलवार को फिर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि आखिर मोदी सरकार या बीजेपी के निशाने पर राहुल गांधी जी और कांग्रेस क्यों है?, ईडी की कार्रवाई क्या जनता के मुद्दे उठाने वाली मुखर आवाज़ को दबाने का षड्यंत्र हैं? केवल राहुल गांधी जी पर इतने हमलावर क्यों हैं? इन सवालों का जवाब देश को जानना जरूरी है।



उन्होंने कहा कि मोदी सरकार व बीजेपी राहुल जी व कांग्रेस से इसलिए डर गई है क्योंकि जब चीन ने हमारे जमीन पर कब्ज़ा किया और हमारे जवान शहीद हुए तब पीएम  ने सर्वदलीय बैठक में कहा कि हमारे यहां न कोई घुसा और न कोई आया है,तब राहुल जी ने इस झूठ को घेरा और देश के लिए आवाज़ उठाई। अगले १८ महीनों में १० लाख लोगों की भर्ती करने की पीएम की घोषणा पर सुरजेवाला ने कहा कि इसे ६०० चूहे खाकर बिल्ली हज को चली कहा जाता है। हम ५० साल में सबसे खराब रोजगार (दर) का अनुभव कर रहे हैं, रुपये का मूल्य ७५ साल में सबसे कम... कब तक पीएम ट्विटर ट्विटर खेलकर हमारा ध्यान भटकाएंगे।

# राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने के पक्ष में नहीं हैं शरद पवार

नई दिल्ली। एनसीपी प्रमुख शरद पवार विपक्ष के राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने के पक्ष में नहीं हैं। शरद पवार ने एनसीपी नेताओं के साथ बैठक में साफ कर दिया कि वे विपक्ष के उम्मीदवार के तौर पर राष्ट्रपति का चुनाव लड़ने के पक्ष में नहीं हैं। १८ जुलाई को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। अभी तक एनडीए और विपक्ष की ओर से कोई भी उम्मीदवार घोषित नहीं हुआ है। हालांकि, कांग्रेस शरद पवार को राष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्ष के



संयुक्त उम्मीदवार बनाने पर जोर दे रही है। पवार ने कांग्रेस नेताओं से मुलाकात के बाद एनसीपी नेताओं से साफ कर दिया कि वे राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने के इच्छुक नहीं हैं। शरद पवार ने कहा, मैं रेस में नहीं हूं। मैं विपक्ष का राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार नहीं बनूंगा। यह पहला मौका नहीं है, जब शरद पवार को लेकर इस तरह की चर्चा हुई हों। इससे पहले प्रशांत किशोर ने पिछले साल ऐसा ही प्रस्ताव दिया था। हालांकि, पवार ने उस वक्त भी इस तरह के कदम को सिरे से खारिज कर दिया था। एनसीपी चीफ शरद पवार ने कहा था कि गुलाम नबी आजाद को विपक्ष के राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने पर भी चर्चा हुई है।



महाराष्ट्र सरकार में पर्यावरण व पर्यटन मंत्री, शिव सेना नेता एंव युवा सेना प्रमुख आदित्य ठाकरे का जन्मदिवस शिव सेना मुख्यालय देहरादून में धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से जिला प्रमुख अमित करणवाल, पंकज तायल, अभिनव बेदी, जितेंद्रनिर्वाल, वासु परविंदा, निधि गुप्ता,शिवम गोयल, हर्षित कुमार, विकास सिंह, देव बेदी आदी मौजूद रहे।

# हंगामे से शुरू हुआ बजट सत्र




विशेष संवाददाता

देहरादून। अपेक्षानुसार आज उत्तराखंड विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत विपक्ष के हंगामे के साथ हुई। सत्र शुरू होने से पहले ही विपक्षी दल कांग्रेस के विधायक पोस्टर लेकर विधानसभा की सीढ़ियों पर बैठ गए। वही प्रश्नकाल के दौरान भी सवालों का सही उत्तर न मिलने पर कांग्रेसियों ने जमकर हंगामा किया।

कांग्रेस विधायकों ने आज इस बात पर आपत्ति जताई कि जब भाजपा गैरसैंण को ग्रीष्मकालीन राजधानी घोषित कर चुकी है तो उसने जून के महीने में आहूत किए जाने वाले बजट सत्र को दून में क्यों रखा? नेता विपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि भाजपा को गैरसेंण से कोई सरोकार है न पहाड़ से। उन्होने कहा कि ग्रीष्म कालीन राजधानी गैरसैंण घोषित करने के बाद भी सरकार ने गैरसैंण में सत्र आयोजित क्यों नहीं किया यह पहाड़

### ❑ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैण तो जून में सत्र दून में क्यों?
### ❑विपक्ष ने सतपाल महाराज से पूछे सवाल

की उपेक्षा है और जनादेश का अपमान है। कांग्रेस विधायक आदेश चौहान ने कहा कि राज्य आंदोलन के समय से गैरसैंण राज्य के लोगों की भावनाओं के केंद्र में है लेकिन भाजपा इन भावनाओं से खिलवाड़ कर रही है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेसी विधायकों का कहना है कि पहले गैरसैंण में सत्र रखने का फैसला किया गया लेकिन इसे बाद में बदल दिया गया सरकार की ऐसी क्या मजबूरी थी? जो गैरसैंण में सत्र का आयोजन नहीं किया गया उन्हेंने कहा कि इससे भाजपा की पहाड़ विरोधी मानसिकता का ही पता चलता है। कांग्रेसी विधायकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की।

उधर आज सदन की कार्यवाही शुरू हुई तो विपक्ष ने कुछ मुद्दों पर नियम 310 के तहत चर्चा कराने की मांग की गई। गैरसैंण के मुद्दे पर कांग्रेस 310 के तहत चर्चा कराना चाहती थी लेकिन इसे नियम 58 के अंतर्गत स्वीकार किया गया जिसे लेकर कांग्रेसी विधायकों ने सदन में भी हंगामा किया। कांग्रेस विधायक तिलकराज बेहड़ द्वारा एक अधिकारी की टिप्पणी को लेकर विशेषाधिकार हनन का मुद्दा उठाते हुए नियम 310 के तहत चर्चा कराने की मांग की गई जिसे अस्वीकार करने पर कांग्रेसी नेताओं ने नाराजगी जताई।

प्रश्नकाल हालांकि शांतिपूर्ण ढंग से चला लेकिन तय कार्यक्रम के अनुसार सतपाल महाराज की आज सवालों का जवाब देने की बारी थी। पर्यटन, पीडब्ल्यूडी और सिंचाई से जुड़े कई सवालों का जवाब वह ठीक से नहीं दे सके। जिन्हें लेकर कांग्रेसियों ने सरकार की घेराबंदी की गई। तथा सत्ता पक्ष के लोग उनका बचाव करते दिखे। समाचार लिखे जाने तक वित्त मंत्री बजट पेश नहीं कर सके थे।

# धार्मिक टिप्पणी करने वाले पर मुकदमा

देहरादून (सं)। धार्मिक टिप्पणी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेशविला रोड निवासी युवती हिन्दू संगठनों के साथ कोतवाली पहुची थी जहां पर उसने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसने फेसबुक पर एक पोस्ट डाली जिसमें सुश्री नुपुर शर्मा  के साथ अपनी फोटो लगाई और लिखा हम आपके साथ है नूपुर शर्मा हर हर महादेव जिसमे कुछ भी आपत्तिजनक नहीं था। परन्तु एक व्यक्ति राव फरमान अली ने अकारण ही फेस बुक बहस करनी शुरु कर दी और जानबूझ कर अत्यधिक आपत्तिजनक धर्मिक भावनाओं को भड़काने के लिये देवी देवताओं के लिए अनर्गल बयान लिखने शुरू कर दिये। सोसल मिडिया के माध्यम से सार्वजनिक रुप से गलत व अभद्र टिप्पणी करने व हमारी आस्था, हमारी भावनाओ को ठेस पहुंचाने के लिए इनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जानी आवश्यक है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम Sanjiv Kumar (पुराना नाम) से बदलकर Sanjeev Kumar Singh (नया नाम) कर लिया है। भविष्य में मुझे Sanjeev Kumar Singh (नया नाम) S/o Mr. Shoran Singh के नाम से जाना पहचाना जाए।

पताः Christian Colony
51/C Rajpur Road,
Dehradun. 248001
Uttarakhand.

# बाली ने भी थामा भाजपा का दामन



नगर संवाददाता

देहरादून। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बाली ने सोमवार रात पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद व पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद आज दीपक बाली ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दीपक बाली को बलबीर रोड स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई गयी है।

बता दें कि काशीपुर के बड़े कारोबारी दीपक बाली करीब दो वर्ष पहले आम आदमी पार्टी में शामिल हुए थे। 2022 के विधानसभा चुनावों में पार्टी ने उन्हे उत्तराखण्ड में चुनाव अभियान समिति का अध्यक्ष बनाया गया था। इसके अतिरिक्त वह काशीपुर सीट से पार्टी प्रत्याशी भी रहे है।

विधानसभा चुनाव में पार्टी का सीएम चेहरा कर्नल कोठियाल थे। लेकिन चुनाव में हार के बाद कोठियाल निष्क्रिय हो गये। जिसके बाद  आम आदमी पार्टी  द्वारा दीपक बाली को प्रदेश अध्यक्ष घोषित कर दिया गया था। जिन्होने बीती रात आप पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद आज सुबह दीपक बाली ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है।

आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दीपक बाली को बलबीर रोड स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई गयी है।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*